NEWS CLIPPING: 14.06.2018

HINDUSTAN

वाईएमसीए में दो दिन के अंदर एक हजार आवेदन

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ऑन लाइन आवेदन की प्रकिया 11 जून से शुरू हो गई। दो दिनों में करीब तीन सौ से अधिक छात्रों ने ऑन लाइन आवेदन किया है। इसमें सबसे अधिक बीसीए और बीबीए में है। इसके अलावा अन्य पाठ्यक्रमों में करीब एक हजार से अधिक आवेदन आ चुके है।

ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया के दौरान छात्रों का रुझान बीबीए, बीसीए और बीएससी पाठ्यक्रम में है। इसके बाद बीएससी ऑनर्स (गणित), रसायन और भौतकी की ओर है। जानकारी के अनुसार प्रत्येक पाठ्यक्रमों में अलग-अलग सीटें निर्धारित हैं। यह जानकारी डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह ने दी।

प्रक्रिया

- बीसीए और बीबीए में आए सबसे अधिक रुझान
- ऑनलाइन आवेदन की प्रकिया 11 जून से शुरू

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में दाखिला लेने से वंचित रह जाते है। अब वह विश्वविद्यालय में बीएससी ऑनर्स, बीबीए, बीसीए और बीएससी (मल्टीमीडिया व एनीमेशन) में दाखिला ले सकते है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय में हेल्पलाइन नंबर 9910364865 जारी किया गया है।

NEWS CLIPPING: 14.06.2018

PUNJAB KESARI

अंडरग्रेजुएट कोर्स के लिए आए एक हजार आवेदन

वाईएमसीए में 3 तक कर सकेंगे आवेदन

फरीदाबाद, 13जून (ब्यूरो) : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शुरू हुई आनलाइन दाखिला प्रक्रिया में अभी तक एक हजार से अधिक छात्रों ने दाखिले के लिए आवेदन किया है।

अकादमिक डीन डा. विक्रम सिंह ने बताया कि आनलाइन दाखिला प्रक्रिया में शामिल होने वाले छात्रों में सबसे अधिक बीबीए, बीसीए और बीएससी के पाठ्यक्रमों के लिए हैं। बीएसएसी ऑनर्स में मैथ, कैमिस्ट्री और फिजिक्स पाठ्यक्रमों की 60 सीटों के लिए 300 से अधिक छात्रों ने आवेदन किया है। वहीं बीसीए में 72 और बीबीए में 112 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। सिंह ने बताया कि नए अंडरग्रेजुएट पाठ्यक्रमों के शुरू होने से छात्रों को काफी लाभ हुआ है।

हेल्प डेस्क तैयार

छात्रों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय में हेल्प डेस्क बनाया गया है। छात्र किसी भी समस्या को लेकर हेल्पलाइन नंबर 9910364865 पर भी संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Thu, 14 June 2018
epaper.punjabkesari.in/c/2951111

NEWS CLIPPING: 14.06.2018

AMAR UJALA

वाईएमसीए : अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में एक हजार से अधिक पंजीकरण

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 11 जून से शुरू हुई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में अंडर ग्रेजुएट नये पाठ्यक्रमों को लेकर विद्यार्थियों में अच्छा रिस्पांस देखने को मिल रहा है। अब तक दाखिला प्रक्रिया के लिए एक हजार से ज्यादा विद्यार्थी अपना पंजीकरण करा चुके हैं। ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों में सबसे ज्यादा रुझान बीबीए, बीसीए और बीएससी पाठ्यक्रमों के लिए है। बीएससी ऑनर्स में मैथ, केमिस्ट्री और फिजिक्स पाठ्यक्रमों की 60-60 सीटों के लिए 300 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। इसी प्रकार, बीसीए में 72 और बीबीए में 122 विद्यार्थी पंजीकृत हुए है। इन सभी पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले मेरिट के आधार पर किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के अकादमिक डीन विक्रम सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। इसके अलावा विद्यार्थी हेल्पलाइन नंबर 9910364865 पर भी संपर्क कर सकते है। ब्यूरो